# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

**मिशन शक्ति 5.0- मिलकर हाथ बढ़ाएँ, मिशन शक्ति को सफल बनाएँ।**

**थाना मानकनगर टीम द्वारा आलमबाग चौराहें पर जाकर महिलाओ की सुरक्षा, नारी स्वावलबन, साईबर अपराध, हेल्प लाईन नम्बर एवं यूपी कॉप आदि योजनाओ के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक।**

**दिनाक- 14.04.2026**

थाना मानकनगर द्वारा 'मिशन शक्ति 5.0' के तहत महिला सशक्तिकरण विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य "मिलकर हाथ बढ़ाएँ, मिशन शक्ति को सफल बनाएँ" के संकल्प को साकार करना था। इसमें बच्चो व महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों, विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ, तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के प्रभावी तरीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, उन्हें महत्वपूर्ण महिला हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया, ताकि आपात स्थितियों में वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। यह पहला महिलाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुई।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक **सराहनीय कदम** है जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में मदद कर रहा है। यह न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराता है बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रखता है।

**मिशन शक्ति 5.0** के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में **श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

**आयोजन/आयोजक टीम –**

- महिला उपनिरीक्षक पूजा पाल, थाना मानकनगर लखनऊ कमिश्नरेट
- उपनिरीक्षक अनिल कुमार, थाना मानकनगर लखनऊ कमिश्नरेट
- थाना मानकनगर क्षेत्र आलमबाग चौराहा पर

**प्रतिभागी: -**

- महिला उपनिरीक्षक पूजा पाल, थाना मानकनगर लखनऊ कमिश्नरेट
- उपनिरीक्षक अनिल कुमार, थाना मानकनगर लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला मुख्य आरक्षी साधना यादव, थाना मानकनगर लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी डोली यादव, थाना मानकनगर लखनऊ कमिश्नरेट
- थाना मानकनगर के आलमबाग चौराहा पर महिलाओं को जागरूक किया गया।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

***प्रेस नोट सं0-603***
***दिनांक 14.04.2026***

**लखनऊ पुलिस का सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन व हुड़दंगई के खिलाफ विशेष/ सख़्त अभियान।**

***कुल चेक किये गये स्थान-106 / कुल चेक किए गए व्यक्ति-2339 / धारा 34 के अंतर्गत चालान: 411 व्यक्ति***

- सभी जोनों के पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में ACPs व थाना प्रभारियों की टीमों द्वारा लगातार चेकिंग अभियान।
- पुलिस टीमों द्वारा **कुल 106 स्थानों** पर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें **कुल 2339 व्यक्तियों की चेकिंग** की गई।
- सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए जाने पर **411 व्यक्तियों पर विधिक कार्यवाही/चालान** की गई।
- संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में ऐसी गतिविधि न करने की **कड़ी चेतावनी** दी गई।

**कार्यवाही विवरण-**

**श्रीमान पुलिस आयुक्त लखनऊ, श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशानुसार तथा **संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था)** के पर्यवेक्षण एवं जनपद के **सभी जोनों** के पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में लखनऊ पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम करने तथा सार्वजनिक शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से दिनांक **13.04.2026 को समय 20.00 बजे से 22.00 बजे तक** विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत **सार्वजनिक स्थानों/दुकानों के बाहर खुले में बैठ कर शराब पीने वाले व्यक्तियों, शराब पीकर हुड़दंग करने वालों, राहगीरों एवं विशेषकर महिलाओ तथा आम जनमानस** के लिए असुविधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों, शराब पीकर सड़क मार्ग एवं दुकनों के सामने अभ्रद व्यवहार/गालीगुप्ता करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई।

अभियान के दौरान **106 स्थानों** पर **कुल 2339 व्यक्तियों की चेकिंग** की गई, जिसमें **411 व्यक्तियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पाए जाने पर विधिक धाराओं के अंतर्गत चालान की कार्यवाही** की गई। साथ ही सभी को भविष्य में ऐसी हरकत न दोहराने की **कड़ी चेतावनी** भी दी गई।

इसी क्रम में कमिश्नरेट के सभी जोनों के सहायक पुलिस आयुक्त एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपनी-अपनी पुलिस टीमों के साथ **सार्वजनिक स्थानों—सड़कों, पार्कों, बाजार क्षेत्रों, बस स्टैंड, चौराहों व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थलों—** पर गहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-604**
**दिनांक 14.04.2026**

**जोन- मध्य /थाना हुसैनगंज**

- **01 नफर एनबीडब्लू / वारंटी अभियुक्त को थाना हुसैनगंज पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार।**

**01-कार्यवाही:-**

थाना हुसैनगंज पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त विमल कुमार वर्मा उर्फ गुड्डू पुत्र गौरी शंकर वर्मा निवासी 86/34 कटरा मक्बूलगंज थाना कैसरबाग लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरूद्ध मा0 न्यायालय द्वारा गैर जमानतीय अधिपत्र निर्गत किया गया था जो काफी समय से मा0 न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। गिरफ्तार शुदा वारण्टी के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**02-संक्षिप्त विवरण:**

मा0 न्यायालय श्रीमान् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0 11 लखनऊ द्वारा वाद सं0 285/2012 मु0अ0सं0 174/2011 धारा 8/18/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना हुसैनगंज लखनऊ बनाम विमल कुमार वर्मा उर्फ गुड्डू पुत्र गौरी शंकर वर्मा निवासी 86/34 कटरा मक्बूलगंज थाना कैसरबाग लखनऊ में गैर जमानतीय अधिपत्र निर्गत किया गया था। मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध निर्गत गैर जमानतीय अधिपत्र की गिरफ्तारी के क्रम में थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त विमल कुमार वर्मा उर्फ गुड्डू उपरोक्त को उसके मकान के बाहर सब्जी ठेले के पास से दिनांक 13.04.2026 समय करीब 19.00 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान मा0 सर्वोच्च न्यायालय मानवाधिकार आयोग के आदेशों / निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में अन्य थाना व जनपद से जानकारी की जा रही है।

**03-गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का विवरण:**

01-विमल कुमार वर्मा उर्फ गुड्डू पुत्र गौरी शंकर वर्मा निवासी 86/34 कटरा मक्बूलगंज थाना कैसरबाग लखनऊ।

**04-सम्बन्धित अपराध का विवरण:**

1. वाद सं0 285/2012 मु0अ0सं0 174/2011 धारा 8/18/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना हुसैनगंज लखनऊ

**05-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. उ0नि0 गौरव सिंह, थाना हुसैनगंज लखनऊ।
2. का0 मनीष तिवारी, थाना हुसैनगंज लखनऊ।

## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट सं0-600

दिनांक-14.04.2026

जोन-दक्षिणी/थाना– कृष्णानगर

- टप्पेबाजी करने वाली गैर प्रांतीय गैंग की 03 शातिर अभियुक्ता व 01 अभियुक्त को गया गिरफ्तार।
- कब्जे से में ज्वैलरी(पीली धातु व सफेद धातु) बरामद।
- थाना कृष्णानगर पुलिस व सर्विलांस सेल जोन दक्षिणी लखनऊ टीम की सफलता।

**01-कार्यवाही विवरण:-**

थाना कृष्णानगर पुलिस टीम द्वारा टप्पेबाजी करने वाले गैर प्रांतीय गैंग के 04 शातिर अभियुक्ता/ अभियुक्त को डूडा कालोनी आशाराम बापू मार्ग मानसनगर से गिरफ्तार करते हुए टप्पेबाजी में लूटी गयी ज्वैलरी व अन्य सामान बरामद करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**02-संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक-16.11.2025 को वादिनी मुकदमा श्रीमती कल्पना सिंह पत्नी धीर सिंह निवासिनी-मूलपता ग्राम व पो0 हरेईपुर जनपद कन्नौज वर्तमान पता मानस नगर कृष्णानगर जनपद लखनऊ की तहरीरी सूचना पर 1.मु0अ0सं0-168/2026धारा-304(2) भारतीय न्या0 संहिता बनाम अज्ञातमहिलाएं थाना कृष्णानगर जनपद लखनऊ,दिनांक 19.03.2026 को वादी मुकदमा श्री रामचन्द निवासी -चिल्लावा सरोजनीनगर थाना सरोजनीनगर जिला लखनऊ की तहरीरी सूचना पर पंजीकृत2. मु0अ0सं0-0132/2026धारा 303(2) भा0न्याय0सं0 बनाम 03 अज्ञात महिलाएं,दिनांक 16.11.2025 को वादिनी मुकदमा श्रीमती कल्पना सिंह पत्नी धीरसिंह निवासिनी- मूलपता ग्राम व पो0 हरेईपुर जनपद कन्नौज वर्तमान पता मानस नगर कृष्णानगर जनपद लखनऊकी तहरीरी सूचना पर3.मु0अ0सं0-536/2025 धारा-303(2) भारतीय न्या0 संहिता बनाम 03 अज्ञात महिलाएं,बावत अज्ञात महिलाओं द्वाराद्वारा मुकदमा वादी व परिजनों के साथ टप्पेबाजी कर ज्वैलरी आदि की चोरी कर लेने के सम्बन्ध में पंजीकृत है।

- उपरोक्त घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त महोदय दक्षिणी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर द्वारा अभियोगों के सफल अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 06 पुलिस टीमें गठित की गयीं।
- विगत 06 माह में थाना कृष्णानगर क्षेत्रान्तर्गत टप्पेबाजी की 03 घटनाएं घटित हुई थीं, जिनके अनावरण हेतु लगभग 600-700 सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्तों की पहचान सुनिश्चित की गई। आज दिनांक-14.04.2026 को डूडा कालोनी आशाराम बापू मार्ग मानसनगर से 03 शातिर महिला अभियुक्ता व 01 नफर शातिर अभियुक्त की गिरफ्तारी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।
- उक्त अभियोगों के अनावरण में थाना स्थानीय की महिला पुलिस टीम द्वारा अत्यंत सतर्कता एवं गोपनीय तरीके से कई दिनों तक संदिग्ध महिलाओं पर निगरानी रखी गई। लगातार प्रयासों एवं सटीक सूचना संकलन के उपरांत आज अभियुक्तगण उपरोक्त को सफलता पूर्वक गिरफ्तार किया गया।